## संपादकीय

# पाक को बड़ा झटका

आखिरकार मान लिया गया है कि पाकिस्तान की धरती से दुनिया के तमाम देशों में आतंक का निर्यात हो रहा है। आतंकी गतिविधियों के लिये धन मुहैया कराने व धन शोधन करने वाले देशों पर निगरानी रखने वाली वैश्विक संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्कफोर्स यानी एफएटीएफ की एशिया-प्रशांत इकाई ने पाक को काली सूची में डाल दिया है। दशकों से भारत व अन्य देशों में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे पाक के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं को तमाम पुख्ता सबूत देकर भारत ने जो मुहिम चलायी थी, वह रंग लायी है। पहले ही आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के लिये अब आने वाला समय बेहद मुश्किलों भरा होने वाला है। तमाम वैश्विक वित्तीय संस्थाएं उसे अब आर्थिक मदद देने से कतराएंगी। दरअसल, एफएटीएफ के एशिया प्रशांत समूह ने पाया कि पाक ने मनी लॉड्रिंग और आतंकवाद के वित्त पोषण संबंधी कुल 40 मानकों में से 32 का अनुपालन नहीं किया। आस्ट्रेलिया के कैनबरा में आयोजित संस्था की बैठक में पाया गया कि आतंकवादियों को धन उपलब्ध कराने व धन शोधन के ग्यारह प्रभावी मानकों में से दस में पाक खरा नहीं उतरा। दरअसल, बीते वर्ष एफएटीएफ ने पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डाल दिया था। अब पाक पर अंतिम निर्णय लेने के लिए अक्तूबर में एफएटीएफ की बैठक होगी, जो पाक के लिये गंभीर संकट की आहट है। पहले ही खस्ताहाल अर्थव्यवस्था से जूझ रहे पाक को अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष, विश्वबैंक और यूरोपीय संघ आदि से मदद लेना अब मुश्किल हो जायेगा। ये वित्तीय संस्थाएं पाक की वित्तीय साख गिरा देंगी, जिससे वित्तीय संकट से जूझ रहे पाक की स्थिति और विस्फोटक हो सकती है। दरअसल, एफएटीएफ आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों की फंडिंग पर नजर रखती रही है। निगरानी के लिये पाक को ग्रे लिस्ट में रखा गया था। लेकिन पाक ने आतंकी संगठनों के खिलाफ महज दिखावे के लिये कार्रवाई की है।

दरअसल, एफएटीएफ एक अंतर-सरकारी संस्था है, जो मुख्य रूप से मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवाद को फंडिंग तथा अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था के लिये उत्पन्न खतरों से निपटने के उपायों पर काम करती है। ऐसे देशों की निगरानी करके संस्था विधायी व नियामक सुधारों के लिये दबाव बनाती है। चिन्हित देशों को अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान व संस्थाएं कर्ज देना बंद कर देते हैं, जिससे इन देशों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में भारी गिरावट आ जाती है। ग्रे लिस्ट एक तरह की चेतावनी होती है कि इस देश को कर्ज देने में जोखिम है। पाक को वर्ष 2012 से 2015 तक ग्रे लिस्ट में डाला गया था। फिर 2018 में एफएटीएफ ने पाक को पुनः ग्रे लिस्ट में डाला। तभी पिछले वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय कर्जदाताओं ने पाक को आर्थिक मदद व कर्ज में कटौती की है। फलतः पाक की आर्थिक स्थिति खराब होती चली गई। अब काली सूची में शामिल होने से पाक को वैश्विक संस्थाओं से ऋण मिलना और मुश्किल हो जायेगा। साथ ही मूडीज व स्टैंडर्ड एंड पूअर्स जैसी वैश्विक वित्तीय संस्थाएं पाक की रेटिंग गिरा देंगी। दरअसल, यह रेटिंग तय करती है कि किस देश में निवेश किया जा सकता है। बाहरी निवेश बंद होने से पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था की कमर टूट सकती है। फिर पाक विश्वबैंक तथा आईएमएफ से ताजा ऋण नहीं ले सकेगा। दरअसल, एफएटीएफ ने पाक को ब्लैकलिस्ट से बचने के लिये 27 सूत्रीय एक्शन प्लान सौंपा था। साथ ही आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिये 15 माह दिये थे, जिसकी सीमा अक्तूबर में समाप्त हो रही है। कैनबरा में हुई एफएटीएफ के एशिया प्रशांत समूह की बैठक में पाक 42 सदस्यीय पैनल के सामने निर्धारित मानकों में खरा नहीं उतर पाया। इस फैसले के बाद पाक को हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं से मिले ऋण भी खतरे में पड़ सकते हैं। यह पाक के लिये वैश्विक वित्तीय व्यवस्था से कट जाने का खतरा पैदा करेगा।

# पीवी सिंधु बनीं गोल्ड मेडल जीतने वाली पहली इंडियन

**» वर्ल्ड चैंपियनशिप**



**बासेल (स्विट्जरलैंड)।** ओलम्पिक रजत पदक विजेता पी.वी. सिंधु ने रविवार को यहां बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप-2019 के फाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी जापान की नोजोमी ओकुहारा को हराकर चैम्पियनशिप में पहली बार स्वर्ण पदक जीत लिया। वर्ल्ड रैंकिंग में पांचवें पायदान पर काबिज सिंधु ने ओकुहारा को सीधे गेमों में 21-7, 21-7 से पराजित किया। यह मुकाबला 37 मिनट तक चला। इस जीत के साथ ही सिंधु ने ओकुहारा से खिलाफ अपना करियर रिकॉर्ड 9-7 का कर लिया है। आज ही पीवी सिंधू की माता पी. विजया का जन्मदिन है और सिंधू ने अपनी जीत उन्हें समर्पित की है।

वर्ष 2017 और 2018 में रजत तथा 2013 व 2014 में कांस्य पदक जीत चुकीं सिंधु ने पहले गेम में अच्छी शुरुआत की और 5-1 की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी इसके बाद 12-2 से आगे हो गईं। सिंधु ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और 16-2 की लीड लेने के बाद 21-7 से पहला गेम जीत लिया। भारतीय खिलाड़ी ने 16 मिनट में पहला गेम अपने नाम किया।

दूसरे गेम में सिंधु ने 2-0 की बढ़त के साथ शुरुआत करते हुए अगले कुछ मिनटों में 8-2 की लीड कायम कर ली। ओलम्पिक पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी ने आगे भी अपने आक्रामक खेल के जरिये अंक लेना जारी रखा। सिंधु ने मुकाबले में 14-4 की शानदार बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने लगातार अंक लेते हुए 21-7 से गेम और मैच समाप्त करके बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप में पहली बार स्वर्ण पदक जीत लिया।

पांचवीं सीड सिंधू लगातार तीसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचीं थीं और फाइनल में जीत हासिल करके टूर्नामेंट के इतिहास में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं।

### मुझपर सवाल उठाने वालों को यह मेरा जवाब है:सिंधु

विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप विनर पीवी सिंधु ने अपनी जीत को आलोचकों का जवाब बताया है। सिंधु ने जीत के बाद कहा कि वह पिछले दो विश्व चैंपियनशिप फाइनल में खिताब नहीं जीतने के कारण हो रही आलोचना से वह नाराज और दुखी थीं। उन्होंने कहा कि मैंने अपने रैकेट से सभी आलोचकों को जवाब दे दिया है। दो बार की रजत पदक विजेता सिंधु ने रविवार को पहली बार विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीता। जापान की नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ खिताब जीत के बाद विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की आधिकारिक वेबसाइट ने सिंधू के हवाले से कहा, 'यह मेरा उन लोगों को जवाब है जो बार-बार सवाल पूछ रहे थे। मैं सिर्फ अपने रैकेट से जवाब देना चाहती थी और इस जीत के साथ मैं ऐसा करने में सफल रही।' उन्होंने कहा, 'पहले विश्व चैंपियनशिप फाइनल के बाद मुझे काफी बुरा लग रहा था और पिछले साल मैं नाराज थी, दुखी थी। मैं भावनाओं से गुजर रही थी, खुद से पूछ रही थी 'सिंधू तुम यह एक मैच क्यों नहीं जीत पा रही हो'? लेकिन आज मैंने खुद से अपना स्वाभाविक खेल दिखाने और चिंता नहीं करने को कहा और यह काम कर गया।

# बार्सीलोना ने रीयाल बेटिस को हराया



**मैड्रिड।** एंटोनी ग्रिजमैन के दो गोल की मदद से बार्सीलोना ने रविवार को ला लीगा फुटबाल टूर्नामेंट में रीयाल बेटिस को 5-2 से हराया। ग्रिजमैन (41वें और 50वें मिनट) ने बार्सीलोना की ओर से पहले दो गोल दागे जिसके बाद कार्ल्स पेरेज (56वें मिनट), जोर्डी अल्बा (60वें मिनट) और आर्तुरो विडाल (70वें मिनट) ने भी टीम की ओर से गोल किए। एटलेटिको मैड्रिड ने लेगानेस को 1-0 से हराया जबकि रीयाल मैड्रिड ने रीयाल वालाडोलिड के साथ 1-1 से ड्रा खेला।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने ग्राहकों को दिया तोहफा! एक सितंबर से सस्ती होगी ईएमआई

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सरकारी बैंक बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अपने ग्राहकों को बड़ा तोहफा दिया है. बैंक ने भी एसबीआई की तरह से अपने लोन को रेपो रेट से जोड़ दिया है. इससे ग्राहकों के ईएमआई कम हो जाएगी. अगर आसान शब्दों में समझें तो मतलब साफ है कि आरबीआई के ब्याज दरें घटाने पर तुरंत आपकी ईएमआई कम हो जाएगी. वहीं, ब्याज दरें बढ़ाने पर ईएमआई महंगी हो जाएगी. बैंक ऑफ महाराष्ट्र की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि फेस्टिव सीजन को देखते हुए नई दर एक सितंबर 2019 से प्रभावी होगी. मौजूदा समय में रेपो रेट से लिंक्ड रिटेल लोन का फायदा नए ग्राहकों को मिलेगा. वहीं, जल्द मौजूदा ग्राहकों के लिए भी इसे लागू किया जाएगा.




आपको बता दें कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि ज्यादातर बैंक रेपो रेट और अन्य कारकों से जुड़े लोन प्रॉडक्ट पेश करेंगे. इससे आवास, वाहन और रिटेल लोन के लिए ईएमआई घटेंगी.

## आज का राशिफल

**मेषः-** इस समय हर काम सोच समझकर और धीरे धीरे करना होगा। अगर आप जल्दबाजी और तीव्रता से किसी काम को अंजाम देने की कोशिश करेंगे तो हो सकता है बात बिगड़ जाए।

**वृषभः-** अब आप अपने आपको भाग्यशाली कहने में अधिक इंतजार नहीं कर पाएंगे क्योंकि जल्दी ही भाग्य आपके ऊपर मेहरबान होने वाला है।

**मिथुनः-** आज के दिन आपको ऐसे लगेगा कि जैसे बुरा वक्त अब टल गया है। अपने ही लोगों के बीच में जो हालत आपको झेलनी पड़ रही है, उसके लिए आप अब अधिक शर्मसार नहीं हो सकते, जो कुछ भी आपने दूसरों के लिए किया है।

**कर्कः-** अपने कार्यक्षेत्र या व्यापार में आज आपको अपनी बेहतर स्थिति और पहचान बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। सिर्फ बात करने से बड़ा आदमी नहीं बन जाता, उसके लिए मेहनत जरूरी है।

**सिंहः-** जिन घरेलू समस्याओं से आप जूझ रहे हैं, उनको हल करने के लिए आपको कुछ सामाजिक संपर्क और लोगों से बातचीत करनी होगी।

**कन्याः-** आज के दिन आपको अपने सामाजिक दायरे में उठने से विशेष सम्मान हासिल हो सकता है। दोस्तों और मित्रों के प्रभाव में रहकर किसी संस्था की सदस्यता लेना आपके लिए हितकर होगा।

**तुलाः-** इस समय आपके गिरते स्वास्थ्य पर सबकी नज़र गई हुई है यह कुछ ऐसा मामला भी हो सकता है जिसमें आप स्वयं लापरवाही बरत रहे हैं। सुबह जल्दी उठकर सैर सपाटा का आनंद लेना आपके लिए लाभप्रद रहेगा।

**वृश्चिकः-** अपने कामकाज को संवारने में आप आज के दिन कर्म से ज्यादा भाग्य पर भरोसा रख सकते हैं। किसी के कहने पर पूजा पाठ तंत्र मंत्र का सहारा भी ले सकते हैं।

**धनुः-** आज आप किसी प्रकार के एग्रीमेंट के कागज पत्रों में हस्ताक्षर करने के लिए आतुर रहेंगे। यदि किसी की जमानत दे रहे हों तो उसमें सावधानी रखना जरूरी है।

**मकरः-** आज के दिन अपने कामकाज में आपकी मजबूत स्थिति के लिए कुछ लोग आपको अपनी ओर खींचने की चेष्टा कर सकते हैं।

**कुंभः-** इस वक्त आपको समय के साथ स्वयं को भी बदलने की कोशिश करनी चाहिए। आप इन बातों पर गम्भीरता से ध्यान दें तो अपने करियर में अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं।

**मीनः-** आज आप अपने अंदर कुछ ताजगी और हल्कापन महसूस करेंगे। काफी दिनों से चल रहा मानसिक तनाव अब गायब हो रहा है। बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति हो सकती है।

# लैंडलाइन दूरसंचार उपयोक्ताओं की संख्या जून में आधा फीसदी घटकर 2.117 करोड़ पर

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश में लैंडलाइन दूरसंचार उपयोक्ताओं की संख्या जून में उससे पिछले की तुलना में 0.56 प्रतिशत की कमी के साथ 2.117 करोड़ रह गयी। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से हाल में जारी रपट में कहा गया है, लैंडलाइन उपयोगकर्ताओं की संख्या में जून में शुद्ध आधार पर 12 लाख एवं मासिक आधार पर 0.56 प्रतिशत की कमी दर्ज की गयी। जून, 2019 के आखिर में शहरी एवं ग्रामीण उपयोक्ताओं का अनुपात 86.51 प्रतिशत और 13.49 प्रतिशत है। ट्राई ने कहा, लैंडलाइन उपयोगकर्ताओं की संख्या मई, 2019 के आखिर में 2.129 करोड़ पर थी, जो जून, 2019 के आखिर में घटकर 2.117 करोड़ रह गयी। कुल-मिलाकर लैंडलाइन दूरसंचार घनत्व जून के आखिर में घटकर 1.62 प्रतिशत रह गया। मई, 2019 में यह आंकड़ा 1.62 प्रतिशत पर था। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के पास लैंडलाइन बाजार में 65.23 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। हालांकि, इस दौरान बीएसएनएल के उपयोक्ताओं की संख्या में जून में 1.47 लाख तक की कमी दर्ज की गयी। वहीं, मोबाइल कनेक्शन में गिरावट का सामना कर रहीं भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया को लैंडलाइन श्रेणी में थोड़ी राहत मिली है।



# शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी



**मुंबई (आरएनएस)।** बैंकों एवं आयातकों की ओर से डॉलर की मांग आने और विदेशी पूंजी निकासी से रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 42 पैसे गिरकर 72.08 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी - चीन के बीच व्यापार मोर्चे पर टकराव बढ़ने के संकेतों से भी रुपये पर दबाव रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 72.03 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में पिछले बंद की तुलना में 42 पैसे गिरकर 72.08 रुपये प्रति डॉलर पर चल रहा था। रुपया शुक्रवार को 71.66 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि अन्य प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती और विदेशी पूंजी की निकासी से घरेलू मुद्रा पर दबाव रहा। हालांकि , घरेलू शेयर बाजार की मजबूत शुरुआत , कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से उठाए गए कदमों ने रुपये की गिरावट को रोकने की कोशिश की। शेयर बाजारों के पास मौजूद आरंभिक आंकड़ों के मुताबिक , विदेशी निवेशकों ने शुक्रवार को पूंजी बाजार से शुद्ध रूप से 1,737.20 करोड़ रुपये की बिकवाली की।

# सीवीसी ने 50 करोड़ से अधिक की बैंक धोखाधड़ी की जांच के लिए समिति का गठन किया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने 50 करोड़ रुपये से अधिक की बैंक धोखाधड़ी की जांच एवं कार्रवाई के विषय में सिफारिश के लिए पूर्व सतर्कता आयुक्त टी एम भसीन की अगुवाई में बैंकिंग धोखाधड़ी से संबंधित सलाहकार बोर्ड (एबीबीएफ) का गठन किया है। पूर्व के स्वरूप में इस समिति को बैंक, वाणिज्यिक और वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित सलाहकार बोर्ड कहा जाता था। सीवीसी ने एक आदेश में कहा है कि आरबीआई के परामर्श से गठित एबीबीएफ धोखाधड़ी के सभी बड़े मामलों की प्राथमिक स्तर पर जांच करेगा। आयोग ने कहा है कि चार सदस्यीय बोर्ड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में धोखाधड़ी में महाप्रबंधक और ऊपर के स्तर के अधिकारियों की संलिप्तता वाले मामलों की जांच करेगा।

## माखन मिश्री खाने के 5 फायदे



श्रीकृष्ण का पसंदीदा भोग माखन-मिश्री न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होती है, बल्कि यह सेहत के लिए भी काफी अच्छी है.

**1. याद्दाश्त बनाए बेहतर** – माखन-मिश्री को दिमाग के लिए काफी अच्छा माना जाता है. डेली डाइट में इसे खाने से बच्चों का दिमाग तेज होता है. नियमित ढंग से खाने से इसके और भी कई फायदे होते हैं.

**2. सिर और जोड़ों का दर्द दूर** – माखन के साथ मिश्री मिलाकर खाने से आप सिर और जोड़ दोनों तरह के दर्द से राहत पा सकते हैं. इसे खाकर आराम करने से आप काफी रिलैक्स फील करेंगे.

**3. कई रोगों में रामबाण इलाज** – मुंह में छालों का दर्द वही समझ सकता है जिसने ये झेला हो. माखन-मिश्री इसे खत्म करने में भी कारगर है. मुंह के छालों का रोग पेट से जुड़ा है और माखन-मिश्री का सेवन करने से कब्ज की परेशानी से छुटकारा मिलता है. वहीं, बवासीर जैसे भयंकर रोग में इस खाने से आपको राहत मिलेगी.

**4. त्वचा निखारे** – माखन मिश्री न सिर्फ आपकी सेहत बल्कि त्वचा के लिए भी काफी लाभदायक है. इसे मिलाकर खाने से आपकी स्किन पर ग्लो आता है. इसका पेस्ट स्किन पर लगाने से आपको जलन से भी राहत मिलेगी.

**5. हीमोग्लोबिन लेवल मेंटेन** – भारतीय महिलाओं में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम पाए जाने की शिकायत होती है. माखन के साथ मिश्री मिलाकर खाने से आपकी बॉडी में हीमोग्लोबिन की मात्रा संतुलित रहेगी. इससे आपकी त्वचा भी निखरेगी.

## शब्द सामर्थ्य- 67

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, कल्र्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंदी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रूप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानदंड, मापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 66 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## सू-दोकू- 67

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.66का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |